# राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर बड़ा हमला

■ लोस नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मांगा पैलेट गन पर जवाब ■ अमित शाह के इस्तीफे की फिर उठाई मांग

**नई दिल्ली, 29 जुलाई। इंदिरा भवन में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्र आंदोलन के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।**



उन्होंने कहा कि लोकसभा में उन्हें अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि अन्य नेताओं को बोलने का अवसर दिया गया। राहुल गांधी के अनुसार, उन्होंने सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जिम्मेदारी तय करने की बात उठाई थी, जिसके कारण उन्हें बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने 25 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर पूछा था कि क्या छात्रों पर पैलेट गन के इस्तेमाल का आदेश उनकी ओर से दिया गया था. उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि सादे कपड़ों में छात्रों के साथ मारपीट करने वाले लोग पुलिसकर्मी थे या कोई अन्य व्यक्ति. राहुल गांधी ने दावा किया कि उन्हें इस पत्र का अब तक कोई जवाब नहीं मिला है. प्रेस वार्ता में राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों पर कीलों वाली लाठियों का प्रयोग किया गया. उन्होंने कहा कि छात्रों को न्याय मिलना चाहिए और इस पूरे मामले की जवाबदेही तय होनी चाहिए. राहुल ने एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यदि पैलेट गन का इस्तेमाल हुआ, तो इसकी अनुमति किसने दी और किन परिस्थितियों में दी गई. उन्होंने कहा कि विपक्ष का दायित्व जनता और छात्रों से जुड़े मुद्दों को संसद और देश के सामने उठाना है.

### आरएसएस को राजनीति में न घसीटें राहुल



**मुंबई, 29 जुलाई.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने अलग रुख अपनाया है. पार्टी के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि आरएसएस को राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए और सरकार की आलोचना सरकार की नीतियों के आधार पर की जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के आरएसएस के साथ लंबे समय से संबंध रहे हैं और वह यह नहीं कह सकते कि संगठन ने देश की पूरी व्यवस्था पर कब्जा कर लिया है. आनंद दुबे ने कहा कि यदि शिक्षा व्यवस्था या अन्य सरकारी नीतियों में कमियां हैं, तो उसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए. उन्होंने सरकारी स्कूलों की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में बड़ी संख्या में सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की जरूरत है.

# राहुल ने सदन में झूठ बोला : पात्रा

## छात्रों पर गोली चलने का दावा बेबुनियाद

**नई दिल्ली, 29 जुलाई.** भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों का विस्तार से जवाब दिया. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सदन में छात्रों पर गोली चलने का दावा किया, जबकि ऐसी कोई घटना नहीं हुई.

पात्रा ने कहा कि जब गोली चली ही नहीं, तो यह कहना कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गोली चलाने का आदेश दिया, पूरी तरह निराधार और तथ्यहीन है. उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने देश को भ्रमित करने की कोशिश की.



संबित पात्रा ने कहा कि कानून-व्यवस्था की किसी भी स्थिति में यदि बल प्रयोग से संबंधित निर्णय लेना होता है, तो मौके पर मौजूद कार्यपालक मजिस्ट्रेट परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेते हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी गृह मंत्री द्वारा आदेश दिए जाने का दावा वास्तविक प्रक्रिया के अनुरूप नहीं है. भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी को संवैधानिक और प्रशासनिक प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए. पात्रा ने राहुल गांधी पर छात्रों का अपमान करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में छात्रों को लेकर ऐसी टिप्पणियां कीं, जिन्हें भाजपा अनुचित मानती है. पात्रा के अनुसार, देश का प्रत्येक विद्यार्थी सम्मान का पात्र है और किसी भी छात्र को अपमानजनक शब्दों से संबोधित करना उचित नहीं है. उन्होंने राहुल गांधी के उस दावे का भी खंडन किया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के काफिले में 30 वाहनों के होने की बात कही गई थी.

### आज का इतिहास

1836- अमेरिका के हवाई में अंग्रेजी भाषा का पहला अखबार प्रकाशित हुआ.
1882- सत्येंद्रनाथ बोस का जन्म. वह प्रसिद्ध क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी थे.
1909- राइट बंधुओं ने सेना के लिए पहला विमान बनाया.
1930- एनबीसी रेडियो पर डेथ वैली डेज का पहला प्रसारण हुआ.
1942- जर्मन की सेना ने बेलारूस के मिंस्क में 25000 यहूदियों की हत्या की.
1945- नवीन चावला का जन्म. वह भारत के 16वें मुख्य चुनाव आयुक्त रहे.

# मनमोहन सिंह को क्लीन चिट

**नई दिल्ली, 29 जुलाई.** कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ विशेष अदालत द्वारा जारी समन को रद्द कर दिया है. साथ ही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए अदालत ने इस मामले में उन्हें कानूनी रूप से राहत प्रदान की है.

▶ **कोयला आवंटन मामले में समन किया गया रद्द**

इसके साथ ही 11 वर्षों से अधिक समय से चल रहे इस प्रकरण का एक महत्वपूर्ण अध्याय



समाप्त हो गया. यह मामला उस समय शुरू हुआ था, जब विशेष सीबीआई अदालत ने कोयला ब्लॉक आवंटन से जुड़े एक मामले में डॉ. मनमोहन सिंह को आरोपी के रूप में तलब करने का आदेश जारी किया था. उस समय डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री पद पर अपने कार्यकाल के दौरान लिए गए निर्णयों को लेकर जांच के दायरे में आए थे.

## जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट इंजेक्शन पर सख्त दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत मोटापा और टाइप-2 मधुमेह के इलाज में इस्तेमाल होने वाली जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट इंजेक्शन दवाओं के इस्तेमाल के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इन दवाओं की समीक्षा के बाद टिरज़ेपेटाइड (माउनजारो) को सीजीएचएस की प्रतिबंधित दवाओं की ऑनलाइन सूची में शामिल कर दिया है. अब माउनजारो और सेमाग्लूटाइड का उपयोग केवल तय शर्तों के अनुसार ही किया जा सकेगा.

# असम में राहत पहुंचाएगा रिलायंस फाउंडेशन

**गुवाहाटी, 29 जुलाई.** ऊपरी असम में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए रिलायंस फाउंडेशन ने राहत अभियान शुरू किया है। अभियान

**शिवसागर और चराइदेव जिलों में पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित**

**पशुधन की सहायता के लिए वनतारा की 39 सदस्यीय टीम तैनात**

के तहत शिवसागर और चराइदेव जिलों के कम से कम 10 हजार परिवारों तक भोजन, सुरक्षित पेयजल, राशन, स्वास्थ्य और




अस्थायी आश्रय से जुड़ी सहायता पहुंचाई जाएगी। दोनों जिलों में पांच लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

रिलायंस फाउंडेशन की आपदा प्रबंधन टीम ने जिला प्रशासन और स्थानीय संगठनों के साथ प्रभावित इलाकों का आकलन करने के बाद राहत कार्य शुरू किए हैं। वनतारा, रिलायंस रिटेल और जियो भी इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं। जिन परिवारों के पास भोजन या राशन की व्यवस्था नहीं है, उनके लिए सामुदायिक रसोई चलाई जा रही हैं।

## स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत मछलीपट्टनम का जलावतरण

**नई दिल्ली, 29 जुलाई.** भारतीय नौसेना के लिए देश में ही बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों में से सातवें, मछलीपट्टनम का बुधवार को जलावतरण किया गया. मछलीपट्टनम को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाया जा रहा है और इसका जलावतरण श्रीमती गुलरुख आनंद ने किया. इस मौके पर सैन्य मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव, वाइस एडमिरल अतुल आनंद भी मौजूद थे. समारोह में भारतीय नौसेना, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य विशेष मेहमानों ने हिस्सा लिया.

### एक नजर में

#### आइशी घोष का गैर जमानती वारंट रुका

**नई दिल्ली.** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की संयुक्त सचिव आइशी घोष को दिल्ली की अदालत से बड़ी राहत मिली है. 2021 के एक प्रदर्शन मामले में उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट पर पटियाला हाउस कोर्ट ने रोक लगा दी है. बुधवार को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास विजयश्री राठौर ने यह आदेश जारी किया. अदालत का यह फैसला ऐसे समय आया है जब आइशी घोष की गिरफ्तारी की कोशिश को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया था और मामला संसद तक पहुंच गया था. मामले से जुड़ी कार्रवाई को लेकर विपक्षी दलों ने दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाए थे. मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने आरोप लगाया था कि पुलिस आइशी घोष को गिरफ्तार करने के लिए पार्टी मुख्यालय पहुंची थी. वहीं दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया कि उसकी कार्रवाई अदालत के आदेश के अनुपालन में की गई थी और यह एक पुराने गैर-जमानती वारंट से जुड़ा मामला था.

#### जापान में भूकंप में मरने वालों की संख्या 13 हुई

**टोक्यो.** जापान के क्यूशू द्वीप के कुमामोटो प्रान्त में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है. यह जानकारी जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने बुधवार को दी. सुश्री ताकाइची ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, स्थानीय समयानुसार सुबह 08ः30 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 05ः00 बजे) तक मरने वालों की संख्या 13 हो चुकी है. उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी लोगों को जल्द से जल्द बचाने के लिए सभी ज़रूरी कदम उठा रहे हैं. टोक्यो में अपने ऑफ़िस में पत्रकारों से बात करते हुए सुश्री ताकाइची ने कहा, अभी भी कुछ लोग बचाव का इंतज़ार कर रहे हैं और यह सीमित समय में काम पूरा करने की कोशिश है. हम ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को ढूंढने और बचाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे.

#### ट्रक के चपेट में पिकअप के आने से 3 की मौत

**नई दिल्ली.** गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव सौंदा पुल के नजदीक चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर मंगलवार की रात 12:15 ओवरटेक करते समय ट्रक से निकली लोहे की एंगल श्रद्धालुओं से भरी पिकअप में घुस गई. पिकअप पर तिरपाल डालकर सो रहे तीन श्रद्धालुओं को मौत हो गई. जबकि चार श्रद्धालु घायल हो गए. एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि मृतकों की पहचान सरजीत(35) पुत्र खुशीराम, रतनलाल(22) पुत्र भजनलाल और रमेश(22) पुत्र छोटेलाल निवासी गांव कलगांव थाना तिजारा जनपद अलवर राजस्थान हैं. जबकि रोहताश, हुरमीत, अनिल और आशा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में रोहताश की हालत गंभीर है जिसे गुड़गांव स्थित अस्पताल में रैफर किया गया है.

#### दिल्ली पुलिस के कई सोशल मीडिया खातों को नोटिस

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री और सुरक्षाबलों के खिलाफ सोशल मीडिया मंच एक्स पर कथित आपत्तिजनक और अभद्र भाषा में की गई पोस्ट को लेकर दिल्ली पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है. पुलिस ने कई सोशल मीडिया खातों और कुछ समाचार पोर्टलों को नोटिस जारी कर संबंधित खातों की जानकारी, पोस्ट से जुड़े विवरण और अन्य आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने को कहा है. यह कार्रवाई कानून के प्रावधानों के तहत की जा रही है और जांच में सहयोग के लिए संबंधित पक्षों से आवश्यक जानकारी मांगी गई है. पुलिस उन खातों की पहचान और गतिविधियों की जांच कर रही है, जिनसे प्रधानमंत्री और सुरक्षाबलों के खिलाफ कथित आपत्तिजनक सामग्री साझा की गई थी.

### उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गैंगस्टर के खिलाफ कार्रवाई

# अतीक अहमद की बेनामी संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज, 29 जुलाई.** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद के अवैध साम्राज्य के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत उसकी करीब 110 करोड़ रुपये बाजार मूल्य की बेनामी संपत्ति कुर्क कर ली है. यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेश पर की गई.

पुलिस के अनुसार धूमनगंज थाने में वर्ष 2020 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे की विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आयुक्त न्यायालय में कुर्की की आख्या प्रस्तुत की गई थी. साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए न्यायालय ने प्रयागराज के भीटी ताल्लुका असदुल्लापुर और कटहुला



गौसपुर स्थित बेनामी जमीन को कुर्क करने का आदेश दिया, जिसके अनुपालन में मंगलवार देर शाम कार्रवाई की गई. पुलिस का दावा है कि अतीक अहमद ने अपने प्रभाव और अपराध से अर्जित धन के बल पर प्रयागराज के भीटी ताल्लुका असदुल्लापुर, कटहुला गौसपुर, शाहा उर्फ पीपलगांव और मंदरी गांव में कुल 12.9544 हेक्टेयर भूमि एक व्यक्ति के नाम पर बेनामी तरीके से खरीदी थी. इन जमीनों का सरकारी मूल्य 9.96 करोड़ रुपये आंका गया था, जबकि उनकी रजिस्ट्री मात्र 1.36 करोड़ रुपये में कराई गई थी.

पुलिस आयुक्त न्यायालय ने अब मदन लाल भारतीया के नाम दर्ज भीटी ताल्लुका असदुल्लापुर की 30 आराजी (3.7383 हेक्टेयर) तथा कटहुला गौसपुर की 14 आराजी (1.374368 हेक्टेयर) सहित कुल 44 आराजी, 5.112668 हेक्टेयर (करीब 20.38 बीघा) भूमि को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क करने का आदेश दिया है. इस भूमि का सरकारी मूल्य 47 करोड़ रुपये तथा अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 110 करोड़ रुपये बताया गया है.

# नीट- यूजी काउंसलिंग 2026 की तैयारी तेज

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने पारदर्शी प्रक्रिया के दिए निर्देश

**नई दिल्ली, 29 जुलाई.** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नीट -यूजी काउंसलिंग 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी तरह निर्बाध, पारदर्शी, सुरक्षित और प्रौद्योगिकी-सक्षम होनी चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े.

उन्होंने कहा कि काउंसलिंग के हर चरण में विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए.बैठक के दौरान मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई.



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अभ्यर्थियों की आशंकाओं और समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय कदम उठाए जाएं तथा पूरी प्रक्रिया को अधिक सुगम और भरोसेमंद बनाया जाए.इस वर्ष नीट -यूजी काउंसलिंग को अधिक विद्यार्थी-अनुकूल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार लागू किए गए हैं. इनमें एक बार की फिजिकल रिपोर्टिंग, ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन और बेंचमार्क दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों के लिए बेहतर एवं सुगम सुविधाएं शामिल हैं. इन सुधारों का उद्देश्य काउंसलिंग प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है, जिससे अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के दौरान कम से कम कठिनाइयों का सामना करना पड़े. नड्डा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए पूरी काउंसलिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और भरोसेमंद बनाया जाए. उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को समय पर सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए.

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### किसानों ने पुलिस का तोड़ा बैरियर

किसानों को कोई भी सुविधा यहां पर उपलब्ध नहीं कराई गई. न तो पीने के लिए पानी न चलित सुलभ शौचालय सहित सुविधा लोगों को दी गई है. उन्होंने कहा कि उनके कई किसान साथी होशंगाबाद रोड से आने वाले थे, जिन्हें रोक दिया गया. सीहोर और नर्मदापुरम जिले से आए किसान संजय पटेल और लखन ने कहा कि किसान शांति के साथ अपनी मांगो को लेकर भोपाल प्रदर्शन करने पहुंचे हैं. सरकार को आगे आकर किसानों की बात सुननी चाहिए और किसानों को होने वाली समस्याओं के निराकरण पर ध्यान देना चाहिए. पैदल मार्च करते हुए हाथों में तिरंगा लेकर किसान मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की तैयारी में हैं. संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में करीब 19 किसान संगठन इस आंदोलन में शामिल हैं. पद यात्रा करते हुए किसान 'जय जवान-जय किसान' का नारा लगाते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ भोपाल पहुंचे हैं. किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं. उनका यह आंदोलन जारी रहेगा और वह हर स्थिति का भी सामने करने को तैयार हैं. किसानों की मांग है कि मूंग की सरकारी खरीदी और खाद वितरण व्यवस्था में सुधार सहित समस्याओं को निराकरण किया जाए. भोपाल पहुचे किसान करीब एक सप्ताह का राशन भी किसान अपने वाहन पर लेकर आए हैं.

आंदोलन में शामिल एक किसान लोकेंद्र ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान अपनी मांगों को लेकर आए हैं. उन्होंने सरकार से मूंग की 100 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीद और ई-टोकन व्यवस्था बंद करने की मांग की. लोकेन्द्र का कहना है कि 20 किलो तक की गुणवत्ता कटौती से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है. समर्थन मूल्य 8,800 रुपए प्रति क्विंटल होने के बावजूद व्यापारी 4,000 से 4,500 रुपए ही दे रहे हैं. बढ़ती खाद की कीमतों, महंगाई और बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने जैसीं हो रही कठिनाइयों का भी जिक्र भी किसान ने किया.

प्रशासन की तैयारी : किसानों की प्रस्तावित कूच के मद्देनज़र जिला प्रशासन और पुलिस बल की तैयारी पूरी है. शहर के अलग-अलग मार्गों पर बैरिकेड्स लगाकर आंशिक रूप से बंद किया गया. वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी इस पर ध्यान बनाए हैं कि आपात स्थिति में लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो सके.

200 से अधिक किसानों का जत्था : शहर की सड़कों पर 200 से अधिक किसानों का जत्था व्यापम चौराहे से उग्र नारेबाजी करते हुए करीब साढ़े 5 बजे लिंक रोड नंबर 1 से होते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिये आगे बढ़ता दिखा, जिसको लेकर रोशनपुरा चौराहे से पुराने विधानसभा के रास्ते सीएम हाउस जाने वाले और पॉलिटेक्निक वाले रास्ते पर पुलिस बल द्वारा भारी बैरिकेडिंग के साथ बसों और ट्रकों को खड़ा किया गया था, ताकि किसानों को वहीं रोका जा सके.


#### किसानों का 25 नहीं अब 60 फीसदी मूंग खरीदेगी सरकार

को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार ने ई-टोकन से जुड़ी समस्याओं के परीक्षण के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी भी बना दी है. इससे पहले बुधवार सबेरे राज्य सरकार ने किसानों से संवाद करने के लिए चार मंत्रियों की एक कमेटी बना दी थी. इस कमेटी में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर को शामिल किया गया था. लोक निर्माण मंत्री की गैरमौजूदगी में मंत्रालय में तीनों मंत्रियों की अगुवाई में वरिष्ठ अफसरों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों की चर्चा हुई, जिसमें लगातार गतिरोध बना रहा. हांलाकि अब सरकार के बड़े फैसले के बाद ये गतिरोध टूटने के आसार बन गए हैं.

#### चार मंत्रियों की कमेटी गठित

भोपाल. मांगों को लेकर राजधानी आ धमके किसानों से संवाद के लिए राज्य सरकार ने चार मंत्रियों की कमेटी गठित कर दी है. इनमें किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर शामिल हैं. ये मंत्री अब किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे. इधर कमेटी गठित होने के बाद ही किसान संघों के प्रतिनिधियों को मंत्रालय बुलाया गया, जहां डेढ़ दर्जन से अधिक किसान प्रतिनिधियों ने कमेटी के साथ चर्चा की. कमेटी में शामिल चार में तीन मंत्री इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं. राजधानी से बाहर होने के कारण लोक निर्माण मंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हो सके. समाचार लिखे जाने तक चर्चा जारी थी. इससे पहले सबेरे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों की समिति गठित होने की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि कि किसान कल्याण मंत्री कंषाना ने कल भी किसानों से बातचीत की थी. किसानों से जुड़े विषयों को लेकर मंत्रियों की एक समिति गठित की गई है, जो किसान भाइयों से संवाद करेगी. राज्य सरकार सदैव किसानों के सकारात्मक सुझावों के साथ है. हम संवाद के माध्यम से सभी समस्याओं का हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं. हम किसानों और आम नागरिकों की बेहतरी के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे. जनता को कष्ट न हो इसकी चिंता सभी को करना चाहिए.

### हस्तियों के ट्वीट



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि ने इसे भारत के लिए मधुर उपलब्धि बताते हुए कहा कि एपीडा के सहयोग से हुई यह पहल भारतीय डेयरी क्षेत्र की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता का प्रतीक है।भारत के डेयरी उद्योग ने वैश्विक बाजार में एक और अहम उपलब्धि दर्ज की है। पश्चिम असम दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के लोकप्रिय पुराबी आइसक्रीम का पहली बार भूटान को निर्यात शुरू किया गया है।



राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गेहलोत ने सोशल मिडिया एक्स एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र 2023 के पृष्ठ 33 पर लिखित वादा किया था- हम शिक्षा विभाग की सभी रिक्तियों को एक वर्ष के अंदर भरने के लिए संकल्पित हैं. आज सरकार को ढाई वर्ष से अधिक हो गए हैं और शिक्षा विभाग में रिक्त पदों का आंकड़ा बढ़कर लगभग डेढ़ लाख पहुंच गया है। अकेले व्याख्याता के 51,073, वरिष्ठ अध्यापक के 24,384 एवं प्राचार्य के 15,921 पद खाली हैं।

### जागरुकता ▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को करेंगे शुरू

# 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान'



**नई दिल्ली, 29 जुलाई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की देशव्यापी शुरुआत करेंगे. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक करना और उन्हें 'नशा मुक्त भारत' तथा 'विकसित भारत 2047' के संकल्प से जोड़ना है.

#### अभियान की खास बातें

- माई भारत के युवा स्वयंसेवक इस अभियान का नेतृत्व करेंगे.
- 2 अगस्त को पूरे देश में 10,000 स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित होंगे.
- एक करोड़ से ज्यादा युवा नशा मुक्ति की शपथ लेंगे.
- एनएसएस, युवा क्लब, स्कूल-कॉलेज, एनजीओएस , औद्योगिक संघ और 125 से अधिक आध्यात्मिक संगठन इसमें शामिल होंगे.
- यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि 100 हफ्तों (लगभग 2 साल) तक चलने वाला जन-आंदोलन होगा. हर रविवार को खेल-कूद,
- वॉकथॉन, ध्यान सत्र, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवकों और संगठनों को 50वें, 75वें और 100वें सप्ताह पर सम्मानित किया जाएगा. प्रधानमंत्री मोदी के 'नशा मुक्त भारत' के विजन को मजबूती देने वाला यह अभियान युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा को राष्ट्र-निर्माण में लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है.

#### '70 प्रतिशत वैश्विक बाघ आबादी का घर है भारत'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बुधवार को विश्व बाघ दिवस पर सभी वन्यजीव प्रेमियों को शुभकामनाएं दी हैं।इस अवसर पर पीएम मोदी ने वन कर्मियों, वैज्ञानिकों और संरक्षणवादियों के योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, विश्व बाघ दिवस पर सभी वन्यजीव प्रेमियों को शुभकामनाएं। भारत के लोगों को इस बात पर गर्व है कि दुनिया की लगभग 70 प्रतिशत बाघ आबादी हमारे देश में है। बाघों के संरक्षण के लिए भारत की कोशिशें प्रकृति के साथ मिल-जुलकर रहने की हमारी सदियों पुरानी संस्कृति से प्रेरित हैं और हमारे लोगों के सामूहिक संकल्प से आगे बढ़ रही हैं. बाघों की सुरक्षा में हमारे वन कर्मियों, वैज्ञानिकों और संरक्षणवादियों की कोशिशों व समर्पण ने भी अहम भूमिका निभाईउन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, हम विज्ञान-आधारित संरक्षण, समुदाय की भागीदारी और टिकाऊ विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं, जो बाघ संरक्षण को मजबूत करते हैं।

## आंध्र-तेलंगाना में कोविड के नए मामले

**नई दिल्ली 29 जुलाई.** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कोविड-19 के कुछ नए मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों ने सतर्कता बढ़ा दी है. कई अस्पतालों ने एहतियात के तौर पर आवश्यक दवाओं, जांच सुविधाओं और अन्य स्वास्थ्य संसाधनों की समीक्षा शुरू कर दी है, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके. हालांकि विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि फिलहाल हालात चिंताजनक नहीं हैं और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है. कोरोना वायरस अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और समय-समय पर इसके नए वैरिएंट सामने आते रह सकते हैं, इसलिए लगातार निगरानी और सावधानी जरूरी है.